

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

साई पल्लवी ने फेक स्विमसूट फोटो पर दिया रिएक्शन

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 174 ■ सोमवार 29 सितंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# शहाड फ्लाईओवर 15 अक्टूबर तक बंद

■ कल्याण-मालशेज राजमार्ग पर यातायात में बड़ा बदलाव

■ ठाणे परिवहन विभाग की विशेष सूचना



**उल्हासनगर.** अगले एक पखवाड़े तक उल्हासनगरवासियों को दैनिक यात्रा में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। शहाड़ फ्लाईओवर के सुदृढ़ीकरण और बेयरिंग बदलने के कार्य के कारण यह पुल 28 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से बंद किया गया है. नागरिकों की असुविधा को कम करने के लिए परिवहन विभाग ने एक विशेष सूचना जारी कर वैकल्पिक मार्गों की घोषणा की है और सुबह-शाम भारी वाहनों के आवागमन पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। नागरिकों से सुरक्षा और सुविधा के लिए इसका सख्ती से पालन करने की अपील की गई है।

उल्हासनगर परिवहन उप-विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, ठाणे द्वारा शहाड़ फ्लाईओवर पर बड़े पैमाने पर सुदृढ़ीकरण और बेयरिंग बदलने का कार्य शुरू किया गया है। यह कार्य 28 सितंबर, 2025 को 00:01 बजे से शुरू होकर 15 अक्टूबर, 2025 को 12:00 बजे तक चलेगा। इसलिए, इस पूरी अवधि के दौरान शहाड़ ब्रिज पर सभी प्रकार का यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा।

यातायात की भीड़भाड़ से बचने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए, ठाणे शहर यातायात विभाग के पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के अनुसार, मालशेज, मुरबाड और कल्याण की ओर आने-जाने वाले वाहनों के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं।

इस बीच, इन वैकल्पिक मार्गों पर भारी और बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह 6 बजे से 11 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। हालाँकि, नागरिकों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, पुलिस वाहन, अग्निशमन दल, एम्बुलेंस, ग्रीन कॉरिडोर, ऑक्सीजन गैस टैंकर और अन्य आवश्यक सेवा वाहनों को इस नियम से छूट दी गई है।

शहाड़ ब्रिज की मरम्मत का काम पूरा होने तक, उल्हासनगर, कल्याण, बदलापुर और मुरबाड़ इलाकों के नागरिकों को वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। परिवहन विभाग ने नागरिकों से संयम बरतने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है और बताया है कि इस दौरान नियमों का पालन हर नागरिक की सुरक्षा के लिए ज़रूरी है।

### प्रतिबंधित और सुझाए गए वैकल्पिक रास्ते:-

1) मालशेज से कल्याण आने वाले वाहनों को डैम फाटा, मुरबाड़ पर रोका जाएगा।
**वैकल्पिक रास्ता :** बदलापुर रोड - पालेगांव - नेवाली नाका - हाजीमलंग रोड - लोढ़ा पलावा/शील डायघर रोड - पत्रीपुल होते हुए कल्याण।

2) शहाड़ ब्रिज - दहागांव फाटा (रायतागांव) होते हुए मुरबाड़ से कल्याण जाने वाले वाहन।
**वैकल्पिक मार्ग :** वाहोली - मांजर्ली - दहागांव - एरंजाड गांव - बदलापुर - पालेगांव - नेवाली नाका - हाजीमलंग रोड - लोढ़ा पलावा / शील डायघर रोड - पतरी पुल के माध्यम से कल्याण।

3) कल्याण से मुरबाड जाने वाले वाहन - दुर्गाडी ब्रिज पर रोक दिए जाएंगे.
**वैकल्पिक मार्ग :** गोविदवाड़ी बाईपास - पत्री पुल - चक्की नाका - नेवाली - पालेगांव - मुरबाड वाया बदलापुर।

# उल्हासनगर महापालिका का अजब कारोबार

■ प्रहार जनशक्ति पार्टी ने किया विरोध

■ तबादला होने के बाद भी नियमित काम जारी

■ महानगरपालिका में धरना

■ दोनों अधिकारियों के कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन




**उल्हासनगर.** प्रहार जनशक्ति पार्टी ने गंभीर आरोप लगाया है कि उल्हासनगर महानगरपालिका के दो सहायक आयुक्त तबादला आदेश जारी होने के बाद भी महानगरपालिका में आकर नियमित काम कर रहे हैं। इसके विरोध में आज पार्टी कार्यकर्ताओं ने महानगरपालिका में धरना दिया। सहायक आयुक्त मयूरी कदम और सुनील लोंढे का तबादला आदेश 23 सितंबर को जारी किया गया था। इसके अनुसार, उन्हें 24 सितंबर को नवी मुंबई महानगरपालिका में कार्यभार संभालना था। हालांकि, प्रहार जनशक्ति पार्टी ने आरोप लगाया कि आदेश के अनुसार कार्यमुक्त होने के बावजूद दोनों अधिकारी उल्हासनगर महानगरपालिका में आते रहे और सरकारी कार्यों व प्लॉट की फाइलों पर हस्ताक्षर भी करते रहे। इस मामले के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने दोनों अधिकारियों के कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान, उनके नाम के बोर्ड हटा दिए गए और उनके कार्यालयों पर महानगरपालिका कर्मचारियों ने ताला लगा दिया। प्रहार जनशक्ति पार्टी के इस विरोध प्रदर्शन के कारण उल्हासनगर महानगरपालिका की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है, तथा अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद भी नगरपालिका में उपस्थित रहने के मुद्दे से प्रशासन की फजीहत हो गई है।

# महिला से छेड़छाड़ व पिटाई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 1 स्थित स कमला नेहरू नगर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। इलाके की एक महिला को कुत्तों को खाना खिलाने पर पीटा गया और उसके साथ छेड़छाड़ की गई। इस मामले में अवधेश सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता महिला कमला नेहरू नगर इलाके के धोबीघाट में रात में आवारा कुत्तों को दूध और टोस्ट देती थी। घटना वाले दिन अवधेश सिंह कुत्तों को पीट रहा था। महिला के विरोध करने पर गुस्साए अवधेश सिंह ने महिला की पिटाई की और उसके साथ छेड़छाड़ की। उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है। उल्हासनगर पुलिस ने इस मामले में अवधेश सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# बारवी डैम दूसरी बार ओवरफ्लो

**पानी का विसर्ग शुरू** | **दो दिनों से ही हो रही लगातार बारिश, उल्हास नदी में भी पानी बढ़ा**

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तालुका में गत दो दिनों से हो रही जोरदार बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया. ठाणे जिले को रेड अलर्ट घोषित किया गया है. ठाणे जिले को जलापूर्ति करने वाला बारवी डैम फिर एक बार 100 प्रतिशत से भी ज्यादा भरने के कारण उसके 11 दरवाजे खोले गए हैं, जिसमें से तेजी से पानी बाहर आ रहा है.

27 जुलाई 2025 को पूरी तरह भर गया था. इस वर्ष डैम दो बार शत प्रतिशत भर कर पानी का विसर्ग शुरू किया गया है. डैम की ऊंचाई 76.22 मीटर है, लेकिन 72.60 तक पानी भरने के बाद पानी का विसर्ग शुरू हो जाता है. डैम में 340 एमसीएम पानी जमा रहता है. डैम से भारी मात्रा में पानी का विसर्ग होने के कारण फिर से एक बार डैम के आसपास के निवासियों को सतर्क रहने का इशारा दिया गया है. जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है. आपातकालीन स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए पूरी टीम तैयार है. बारवी डैम के अभियंता सुनिल वलवी सुबह से लगातार एक-एक घंटे की रिपोर्ट प्रशासन को एवं पत्रकारों को दे रहे हैं. वह डैम पर गहरी नजर बनाए हुए हैं. दोपहर में एक बजे से तीन बजे तक के बीच बताया गया है कि डैम में 72.80 मीटर पानी हो गया था. यानी 100 प्रतिशत से ज्यादा 101.07 प्रतिशत पानी भर गया था. पानी का विसर्ग लगातार जारी है. बदलापुर के पास से बहनेवाली उल्हास नदी में भी तेजी से पानी बढ़ रहा है. अगर इसी तरह बारिश होते रही तो वह धोखे के निशान को पार कर जाएगी. दो दिन से हो रही बारिश के कारण रविवार को सड़कें एकदम सुनसान हो गई थी. लोगों ने घरों में ही रहना पसंद किया.

## अंबरनाथ में गला कटा हुआ युवक मिला, हालत गंभीर

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर के कल्याण-बदलापुर रोड पर आईटीआई के पास आज सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। सड़क किनारे एक युवक का बुरी तरह ज़ख़्मी मिला। इस गंभीर घटना को देखकर इलाके के कुछ युवकों ने तुरंत पहल की और उसे उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया। तुरंत इलाज मिलने से युवक की जान बच गई। हालाँकि, उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे आगे के इलाज के लिए मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस युवक का नाम ताज बुद्धा है और वह मूल रूप से उल्हासनगर शहर का रहने वाला है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। इसी बीच, पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह घटना आत्महत्या का प्रयास थी या किसी ने उस पर जानलेवा हमला किया था। अंबरनाथ पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# अंबरनाथ पूर्व में 3 को खतरनाक नशा करते पुलिस ने पकड़ा

■ तीनों कंपनी के मजदूर



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व के शिवाजी नगर पुलिस ने तीन नशेड़ियों को चरस, गांजा या अन्य मादक पदार्थ का नशा कते हुए पकड़ कर उन पर अपराध दर्ज किया है. ये तीनों आनंद नगर एमआईडीसी की एक कंपनी में मजदूरी करते हैं और ग्रीन फील्ड कंपनी में ही रहते हैं. राकेश कुमार तिवारी (30) को पुलिस ने 27 सितंबर को दोपहर में 3 बजे गांव देवी मैदान के बाजू में, वडवली सेक्शन में नशा करते हुए पकड़ा है, तो दूसरे नशेड़ राकेश कुमार वर्मा (26) को 27 सितंबर को ही तीन बजे कानसाई मजीप्रा कार्यालय के पास के खुले स्थान से नशा करते हुए गिरफ्तार किया है. तो तीसरे नशाखोर चितरंजन बरमन (30) को शनिवार को दोपहर में 12.48 बजे इशर पैराडाइज वडवली सेक्शन से नशा करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. तीनों पर गुंगीकारण औषधि द्रव्य अधिनियम 1985 कलम 8 (सी) 27 के अनुसार अपराध दर्ज किया गया है. तीनों ही छत्तीगढ़ निवासी हैं और अंबरनाथ पूर्व की ग्रीन फील्ड कंपनी के मजदूर हैं और वहीं पर रहते हैं. मामले की जांच पुलिस हवलदार के. एल. बोरसे कर रहे हैं.

विदित हो कि शहर पश्चिम में नशे का व्यापार करने वाली कई महिलाओं, पुरुषों पर कार्रवाई करने के बाद अब शहर पूर्व में पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है.

# अमोल सावंत अपने दो साथियों के साथ गिरफ्तार

■ उल्हासनगर-4 में किया था युवक पर हमला

■ विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने की कार्रवाई

■ एक्सप्रेस को रोककर आरोपियों को पकड़ा



**उल्हासनगर.** गणेश विसर्जन के बाद उल्हासनगर 4 के संतोषनगर स्थित शिवसेना शाखा के पास साईनाथ मित्र मंडल के कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला हुआ। इस हमले का मुख्य आरोपी अमला उर्फ अमोल सावंत अपने दो साथियों के साथ आखिरकार पुलिस के जाल में फंस गया है। विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें बोरीवली में अवंतिका एक्सप्रेस से गिरफ्तार किया।

घटना उस समय हुई जब यश प्रमोद पांडे अपने दोस्तों हर्ष गायकवाड़ और सोनू करोसिया के साथ गणेश विसर्जन के बाद लौट रहे थे। उस समय पीछे से आए राहुल ठाकुर उर्फ बाबू, तुषार गोदांबे उर्फ गोट्या, अमोल सावंत और उनके साथियों ने बहस शुरू कर दी। मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने पुरानी रंजिश में उन पर चाकू और लाठियों से हमला कर दिया। इसमें हर्ष गायकवाड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में यश पांडे की शिकायत पर विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी तुषार गोदांबे को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, अमोल सावंत, राहुल ठाकुर और करण राजू वंश फरार हो गए थे। तकनीकी विश्लेषण और गुप्त मुखबिरों की मदद से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अवंतिका एक्सप्रेस से उज्जैन से लौट रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली और पुलिस निरीक्षक चंद्रहर गोडसे के मार्गदर्शन में, उप-निरीक्षक बी.आर. दराडे और पुलिसकर्मी रामदास मिसाल, दिलीप चव्हाण, संतोष सांगले, गणेश राठौड़, चंद्रकांत गायकवाड़ और सागर मोरे की टीम ने बोरीवली में जाल बिछाया और एक्सप्रेस को रोककर आरोपियों को मुंबई सेंट्रल पहुँचने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने अमोल पांडुरंग सावंत, राहुल किशोर ठाकुर और करण राजू वंश को हिरासत में लिया है। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन में आगे की जाँच जारी है।

# पिता ने डांटा तो नाबालिग लड़का घर से निकल भागा

■ बहला-फुसलाकर अगवा करने का मामला दर्ज

**कल्याण.** दसवीं कक्षा में फेल एक लड़का लगातार घर पर बैठकर मोबाइल पर तरह-तरह के गेम खेलता है, इसलिए, पिता ने अपने 15 साल के बेटे को डांटा. जिससे बेटा गुस्सा हो गया। नाबालिग लड़का रात में बाहर जाने की बात कहकर घर से निकला था। हर जगह तलाश करने के बाद, परिवार वालों को शक हुआ कि लड़के को अज्ञात लोगों ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है।

यह 15 साल का नाबालिग लड़का कल्याण पश्चिम में संतोषी माता रोड पर रामबाग के मसालेवाले चॉल इलाके में अपने परिवार के साथ रहता है। लड़के के पिता मुंबई के अंधेरी साकीनाका इलाके में मछली बेचने का काम करते हैं। इस परिवार का 15 साल का नाबालिग लड़का जोशी बाग के एक स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ता था। हालाँकि, वह दसवीं की परीक्षा में फेल हो गया था.

रविवार रात साढ़े नौ बजे जब पिता काम से घर आया, तो उसने अपने बेटे को मोबाइल फ़ोन पर खेलते देखा। उसने यह भी देखा कि उसने अपने मोबाइल फ़ोन में इंस्टाग्राम इंस्टॉल कर रखा है। पिता ने बच्चे के हाथ से मोबाइल फ़ोन ले लिया। नाबालिग बच्चे को यह सब देखकर गुस्सा आ गया। वह गुस्से में आकर घर से बाहर जाने को तैयार हो गया।

पिता ने उसे रोकने की कोशिश की और पूछा कि वह रात में कहाँ जा रहा है। बेटे ने कहा, मैं आधे घंटे के लिए बाहर जा रहा हूँ। मैं वापस आऊँगा. रात साढ़े दस बजे तक जब बेटा घर नहीं आया, तो बेटे के परिवार ने घर, रिश्तेदारों और बेटे के दोस्तों के घर ढूँढा। बेटा कहीं नहीं मिला। परिवार ने कल्याण रेलवे स्टेशन इलाके में बेटे की तलाश की। वह नहीं मिला। इसलिए परिवार ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें शक है कि बेटे को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है।

# मनपा ने अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

■ 13 मामले दर्ज

■ नागरिकों और राजनीतिक दलों को चेतावनी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध होर्डिंग्स, बैनर और बिलबोर्ड के खिलाफ मनपा ने आखिरकार सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद शहर भर में अनधिकृत होर्डिंग्स जारी रहने के बाद, प्रशासक और आयुक्त ने संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सहायक आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, संबंधित टीमों की मदद से विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई है और कुल 13 मामले दर्ज किए गए हैं।

पिछले कुछ वर्षों में बैनर और होर्डिंग्स की सस्ती कीमतों के कारण, चमकू नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा बिना अनुमति के बैनर लगाए जा रहे हैं। चुनावों को छोड़कर, ऐसे बैनर और होर्डिंग्स के लिए कोई अनुमति नहीं ली जाती है। उल्हासनगर, ठाणे जिले का सबसे सस्ता बैनर छपाई बाजार वाला शहर है। उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर से सीधे कर्जत, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे तक बैनर छपते हैं। चूँकि शहर में यह तकनीक सस्ती उपलब्ध है, इसलिए बड़े पैमाने पर बैनर लगाए जाते हैं। पिछले कुछ दिनों से मनपा चुनावों को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। जिसके परिणामस्वरूप शहर में अवैध होर्डिंग बढ़ गई है। जनहित याचिका संख्या 155/2011 में उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि शहर में कोई भी अनधिकृत विज्ञापन होर्डिंग न लगाई जाए। नगर निगम ने समय-समय पर नागरिकों, व्यापारियों और सभी राजनीतिक दलों के ध्यान में यह आदेश लाया था। हालाँकि, यह देखा गया कि विभिन्न स्थानों पर अनधिकृत होर्डिंग और बिलबोर्ड लगाए जा रहे थे। अतः मनपा आयुक्त के आदेशानुसार, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. धीरज चव्हाण के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में वार्ड समिति क्रमांक 1 से 4 के अंतर्गत 13 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में 6, माध्यमिक पुलिस स्टेशन में 2, विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में 3 और हिललाइन पुलिस स्टेशन में 2 मामले दर्ज किए गए हैं। इससे अवैध विज्ञापन होर्डिंग लगाने वालों के हौसले पस्त हो गए हैं।

### नियमित अभियान जारी रहेगा

प्रशासक और आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि मनपा क्षेत्र में ऐसे अवैध होर्डिंग और बिलबोर्ड पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्तों को प्रतिदिन टीमें भेजकर अनधिकृत होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस कार्रवाई से शहर की सुंदरता और व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी और प्रशासन ने नागरिकों से ऐसे अवैध विज्ञापनों का समर्थन न करने की अपील की है।

## 'मैं अब आत्महत्या कर रहा हूँ'...

**कल्याण.** बदलापुर के एक संपन्न परिवार के 44 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मोबाइल पर फ़ोन करके कहा... 'मैं अब घर नहीं आऊँगा। बच्चों का ध्यान रखना। मैं अब आत्महत्या कर रहा हूँ।' और पति ने तुरंत मोबाइल बंद कर दिया। पत्नी से बात करने के बाद, पति ने गत शुक्रवार रात 10:30 बजे कल्याण पश्चिम में गांधारी नदी पर बने पुल पर खड़े होकर नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या करने वाले व्यक्ति का नाम धनजी रघुनाथ शिंदे (44) है। वह बदलापुर पश्चिम स्थित मेट्रो रेजीडेंसी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स इलाके में अपनी पत्नी और परिवार के साथ रहता था। पुलिस ने खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने वाले किसान गोविंद शिंदे की शिकायत पर आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है।

यह सूचना मनपा के अग्निशमन विभाग को दी गई। गणेश घाट, दुर्गाडी किले से सूचना देने वाले किसन शिंदे ने नाव की मदद से पानी में तैरते धनजी शिंदे की तलाश शुरू की। नाव पानी में आगे बढ़ रही थी, तभी किसन शिंदे ने एक मछुआरे से पूछा कि क्या उसने पानी में किसी पुरुष का शव देखा है। उस समय, मछुआरे ने बताया कि गांधारी नदी से बहकर एक शव बगल के इलाके में नाले के किनारे तैर रहा है।

# पति को प्रेमी की मदद से पीटकर नाले में फेंका

■ लेकिन एक रस्सी ने सब कुछ बदल दिया



**ठाणे.** ठाणे में एक महिला और उसके प्रेमी के प्रेम संबंध में दखलंदाज़ी कर रहे उसके पति को पत्नी के प्रेमी और दो अन्य लोगों द्वारा पीट-पीटकर पुल से नाले में फेंकने का मामला सामने आया है। नाले में फेंके गए पीड़ित की जान बच गई है और संबंधित व्यक्ति की पत्नी और चार अन्य के खिलाफ कापूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

बदलापुर में रहने वाले शिकायतकर्ता ने कुछ साल पहले एक महिला से शादी की थी। उनका एक बेटा है। महिला पहले से शादीशुदा थी और उसके पहले पति से एक बेटी भी है। जब शिकायतकर्ता को पता चला कि महिला का किसी और के साथ प्रेम संबंध है, तो उनके बीच झगड़ा होने लगा। इस वजह से महिला बच्चे को अपने पति के पास छोड़कर घर से चली गई। कुछ दिनों बाद, वह अपने पति के पास वापस आ गई और बच्चे को लेकर चली गई, और उसने उससे संपर्क तोड़ दिया। यह जानने के बाद कि उसकी पत्नी ठाणे में रहती है, शिकायतकर्ता उसके घर आया और बच्चे को ले गया।

बाद में, जब शिकायतकर्ता बच्चे को लेकर अपनी पत्नी के पास वापस आया, तो घर पर ताला लगा था। हालाँकि, जैसा कि पति ने उसे बताया था, वह बच्चे को उसके पास छोड़कर चला गया। उसी रात, उसकी पत्नी ने उसे घर बुलाया और जब वह चला गया, तो उसकी पत्नी का प्रेमी और उसके दो दोस्त सड़क पर खड़े थे। इन तीनों ने उसे पीटा और एक रिक्शा में डालकर मुंब्रा, रेतीबंदर ले गए और फिर से पीटा। वहाँ से, आरोपी उसे रिक्शा में बैठाकर खाड़ी पुल पर ले आए और शिकायतकर्ता को पुल से खाड़ी में फेंक दिया।

खाड़ी में तैर रहे शिकायतकर्ता ने एक सीमेंट के खंभे को पकड़ लिया। बाद में, कुछ नागरिकों ने रस्सी से उसे खाड़ी से बाहर निकाला। शिकायतकर्ता ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी हत्या करने की कोशिश की क्योंकि वह उसकी पत्नी और उसके प्रेमी के प्रेम संबंध में दखल दे रहा था।

# करंट लगने से बच्ची झुलसी

■ आयशा की हालत गंभीर

■ घटना से नागरिकों में रोष

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 5 स्थित सेक्शन 36 इलाके में एक 13 साल की बच्ची बिजली का ज़ोरदार झटका लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची का नाम आयशा खान है और उसका उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में इलाज चल रहा है। आयशा खान का परिवार सेक्शन 36 में शिवसेना शाखा प्रमुख गणेश चौगुले के जनसंपर्क कार्यालय के सामने किराए के मकान में रहता है। आज दोपहर घर का काम करते समय अचानक बिजली का ज़ोरदार झटका लगने से आयशा उसकी चपेट में आ गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। इस बीच, आयशा के पिता ने बताया कि घर की छत से गुजर रही महावितरण की बिजली लाइन और उस लाइन से सीधे घर में करंट पहुँचने के कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल आयशा की हालत गंभीर है और उसका तुरंत इलाज चल रहा है। इस घटना से नागरिकों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि महावितरण की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है और इस संबंध में ज़िम्मेदार अधिकारियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की भी मांग की जा रही है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## सच में राहत या सिर्फ वोट पाने की चाल?

बिहार में पचहत्तर लाख महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रुपए भेजे जाने की पहल निश्चित रूप से राज्य की महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया को मजबूत करने की कोशिश है। मगर वहां विधानसभा चुनावों के दिन करीब आने के साथ ही जिस तरह इसकी घोषणा की गई, उसमें राजनीतिक लाभ उठाने की मंशा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह छिपा नहीं है कि बिहार में रोजी-रोजगार की तस्वीर कैसी है और उसमें बड़े पैमाने पर गरीब तबकों के परिवारों को रोजमर्रा के खर्चे जुटाने के लिए कितने जतन करने पड़ते हैं।

मगर यह कोई आज अचानक उपजी स्थिति नहीं है। लंबे समय से बिहार में कमजोर तबकों के लोग रोजी-रोटी की उम्मीद में दूसरे राज्यों में जाते रहे हैं। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि ज्यादातर गरीब परिवारों के लिए दस हजार रुपए की अहमियत क्या होगी और यह राशि मुहैया कराने वालों को वे किस रूप में देखेंगे। मगर इस सहायता राशि के लिए जो कसौटियां तय की गई हैं, उसमें इसका लाभ कितने वास्तविक जरूरतमंदों को मिलेगा, यह देखने की बात होगी। सवाल है कि बिहार सरकार को ठीक चुनावों से पहले महिलाओं की सहायता करने की सुध क्यों आई, जबकि एक बड़े तबके के बीच अभाव के हालात बहुत पुराने हैं।

यह बेवजह नहीं है कि इस कवायद को चुनाव में एक बड़े वर्ग के मतदान के रुख को प्रभावित करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय राजनीति में यह प्रवृत्ति काफी तेजी से मजबूत होती दिखी है कि चुनावों के मौके पर अलग-अलग राजनीतिक दल आम लोगों को मुफ्त की सौगात देने का वादा करते हैं। सत्ताधारी पार्टी या गठबंधन के दलों को सुविधा यह होती है कि वे अपनी सरकार के जरिए समाज कल्याण के नाम पर लोगों को कोई तोहफा मुहैया कराने में सबसे आगे हो सकते हैं। मगर इस क्रम में लोकतंत्र का जीवन मानी जाने वाली मतदान-प्रणाली को मुफ्त के आकर्षण से प्रभावित करने की कोशिश लगातार बढ़ती गई है। आम लोगों को मुफ्त की सौगात देकर उनका समर्थन हासिल करने की प्रवृत्ति पर सुप्रीम कोर्ट भी नाराजगी जता चुका है। इस चलन पर नैतिकता और औचित्य के सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए कुछ भी ठोस होता नहीं दिखता।

# प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे राहुल गांधी

पिछले दिनों खबर आई कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी सुरक्षा संबंधी प्रोटोकाल का पालन नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस ने इस संदर्भ में लिखी गई सीआरपीएफ की चिट्ठी की परवाह नहीं की, जबकि इतिहास में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने के भयावह नतीजे के कई उदाहरण मौजूद हैं। तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल के विशेष आग्रह के बावजूद महात्मा गांधी ने सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करने से मना कर दिया था।

30 जनवरी, 1948 को हुई उनकी हत्या से सिर्फ 10 ही दिन पहले प्रार्थना स्थल यानी बिड़ला भवन के पास बम विस्फोट हो चुका था। इसके बाद सुरक्षाकर्मी सतर्क हो गए थे। दिल्ली के स्थानीय एसपी ने गांधी जी के पास जाकर उनसे आग्रह किया था कि वे प्रार्थना सभा में आने वाले लोगों की तलाशी लेने की अनुमति दें, पर गांधी जी नहीं माने। उसके बाद इसी उद्देश्य से क्षेत्रीय डीआइजी गांधी जी से मिले। उन्होंने भी उनसे इसी तरह का आग्रह किया। फिर भी वे नहीं माने।

जब सरदार पटेल ने खुद महात्मा गांधी से मिलकर उनसे बात की तो गांधी जी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए बिड़ला भवन आने वालों की तलाशी होने लगेगी तो मैं आमरण अनशन शुरू कर दूंगा। इसके बाद सरदार पटेल भला क्या करते! इससे नाथूराम गोडसे को अपने लिए अनुकूल माहौल मिल गया। उसने गांधी जी की निर्मम हत्या कर दी, पर गांधी जी की हत्या के बाद क्या हुआ? जब यह खबर फैली कि एक चितपावन ब्राह्मण ने गांधी जी की हत्या कर दी है तो कांग्रेसियों और कुछ अन्य लोगों ने महाराष्ट्र में सैकड़ों चितपावन ब्राह्मणों का संहार कर दिया।



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की भी ऐसी ही परिस्थितियों में हत्याएं हुई थीं। इन दोनों हस्तियों ने भी जानबूझकर अपनी सुरक्षा संबंधी नियमों का उल्लंघन किया। इंदिरा गांधी के समक्ष गांधी जी की हत्या का पूर्व उदाहरण था। राजीव गांधी के सामने गांधी जी और इंदिरा जी की हत्याओं के पूर्व उदाहरण थे। राहुल गांधी के समक्ष तो अपनी ही लापरवाही के कारण हो चुकी तीन-तीन हत्याओं के उदाहरण मौजूद हैं। यदि कई लोग कहते हैं कि इस देश के लोग इतिहास से नहीं सीखते तो ठीक ही कहते हैं।

इंदिरा गांधी की हत्या के बारे में बहुत सारी बातें कही गई हैं। रा के प्रधान रहे आरएन काव ने प्रधानमंत्री आवास के संतरी बेअंत सिंह के संदेहास्पद होने के बारे में सुरक्षा एजेंसियों को सचेत किया था। वे प्रधानमंत्री इंदिरा के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार भी थे। इसी आधार पर बेअंत का तबादला दिल्ली पुलिस की सशस्त्र इकाई में कर दिया गया। इंदिरा गांधी को जब यह पता चला कि उसकी अन्यत्र तैनाती हो गई है तो उन्होंने उसे वापस अपने आवास पर सुरक्षा में लगवा दिया। 31 अक्टूबर को उस काली सुबह प्रधानमंत्री पर सबसे पहले उसी ने गोलियां चलाई थीं।

ऐसे ही सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के पेरंबदूर में एक मानव बम विस्फोट में राजीव गांधी की मौत हो गई। उस दिन के विस्फोट से पहले 'ब्लू बुक' में दर्ज राजीव गांधी की सुरक्षा के उपायों का पालन नहीं किया गया।

नियमों के तहत राजीव गांधी के पास जाने वालों की तलाशी होनी चाहिए थी, पर उस मानव बम की तलाशी नहीं हुई, क्योंकि खुद राजीव ने इसकी इजाजत सुरक्षाकर्मियों को नहीं दी। घटनास्थल पर तैनात पुलिस उपनिरीक्षक अनुसूया डेजी अर्नेस्ट ने मानव बम धनु को राजीव के पास पहुंचने से रोकने की एकाधिक बार कोशिश की थी, पर राजीव गांधी ने सुरक्षाकर्मियों से कहा कि 'सबको मेरे पास आने दो।'

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी न तो सदन के संचालन नियमावली का पालन करते हैं और न ही भाषण या बयान देने में कानूनी-गैर कानूनी टिप्पणियों का लिहाज करते हैं। नतीजतन वे तमाम कानूनी परेशानियों झेल रहे हैं। यहां तक कि अपनी निजी सुरक्षा के प्रति भी वे लापरवाह हैं। आठ अगस्त, 2017 को तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में बताया था कि 'गत दो साल में राहुल गांधी ने 121 नियोजित और अनियोजित यात्राएं की हैं। कई मौकों पर उन्होंने बुलेट प्रूफ कार का इस्तेमाल नहीं किया।'



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

यदि हम अपनी सच्ची अवस्था में वापस लौट सकें और जान जायें कि हम आत्मा हैं, तो हम स्थाई शांति व आनंद को पा लेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# तुर्किये की कोशिश नाकाम

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मुद्दे पर बातचीत हमेशा द्विपक्षीय स्तर पर ही होती रही है। कश्मीर का मसला भी इनमें से एक है। हालांकि, कई मौकों पर खुद पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश की है, लेकिन भारत तीसरे पक्ष की भूमिका को सिरे से खारिज करता रहा है। अब अमेरिका ने भी साफ कर दिया है कि कश्मीर भारत-पाकिस्तान का आपसी मसला है और इसमें किसी तरह का दखल देने में उसकी कोई रुचि नहीं है। अमेरिका का यह संदेश इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराने में उनकी अहम भूमिका रही है। जबकि भारत इन दावों को पूरी तरह नकारता रहा है। ऐसे में अब अमेरिका ने भारत के उस रुख की पुष्टि कर दी है कि पाकिस्तान से जुड़े मसलों में किसी तीसरे पक्ष का दखल कतई स्वीकार्य नहीं है।



दरअसल, 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच शिमला में एक अहम समझौता हुआ था। इसके तहत आम सहमति बनी थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर सहित जितने भी मसले हैं, उनका समाधान आपसी बातचीत से ही किया जाएगा। यानी द्विपक्षीय मुद्दों को न तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाएगा और न ही इनमें किसी तीसरे पक्ष को शामिल किया जाएगा। मगर इस समझौते का पाकिस्तान ने कई बार उल्लंघन कर कश्मीर मसले को संयुक्त राष्ट्र में भी उठाया है। जबकि भारत इस समझौते के अनुरूप अपने रुख पर हमेशा कायम रहा है और इसी का नतीजा है कि अब अमेरिका ने भी स्वीकार किया है कि कश्मीर मसला सीधे तौर पर द्विपक्षीय मुद्दा है।

गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कहा कि यह उनके देश की दीर्घकालिक नीति है कि कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान ही आपसी बातचीत और सहमति से कोई हल निकाल सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि दोनों देशों की ओर से अमेरिका से किसी मुद्दे पर सहयोग मांगा जाता है तो वह मदद के लिए तैयार है। हालांकि, भविष्य में ऐसी नौबत आने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है।

अमेरिका का यह बयान ऐसे मौके पर आया है, जब पाकिस्तान के मित्र देश तुर्किये के राष्ट्रपति ने पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का मसला उठाया था। उनका कहना था कि कश्मीर मुद्दे का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के आधार पर संवाद के जरिए होना चाहिए। भारत ने इसका कड़ा विरोध करते हुए अपना रुख स्पष्ट किया और कहा कि यह सिर्फ द्विपक्षीय मुद्दा है और इसका अंतरराष्ट्रीयकरण नहीं किया जा सकता। तुर्किये पहले भी इस तरह की कोशिशें करता रहा है, जो भारत के प्रतिरोध के आगे बौनी साबित हुई हैं।

एक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि पिछले दिनों पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत ने दोनों देशों से जुड़े मसलों में कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है। साफ है कि पाकिस्तान इस बात को बखूबी जानता है कि द्विपक्षीय मसलों को लेकर भारत के साथ बातचीत ही एकमात्र विकल्प है। मगर यह भी सच है कि सीमा पार से आतंकवाद और बातचीत, दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते।

# स्कूल से कटवा दिया बच्चों का नाम, AI को बना दिया टीचर

**जरा हट के**

ब्रिटेन के 44 वर्षीय डेल एलन (Dale Allen) का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) उनके बच्चों को पारंपरिक शिक्षकों से कहीं बेहतर शिक्षा दे सकता है. हेल्थ एंड सेफ्टी एक्सपर्ट डेल अपनी पत्नी ज़रीना (Czarina Allen, 32) के साथ एक संयुक्त परिवार में रहते हैं और तीन बच्चों को घर पर पढ़ाते हैं. उनका कहना है कि भले ही होमस्कूलिंग आसान नहीं है, लेकिन बच्चों को नई तरह का लर्निंग वातावरण देना उनके लिए बेहद संतोषजनक है. डेल का बड़ा बेटा ओलिवर जब मात्र छह साल का था, तब उसे स्कूल से निकालने का निर्णय लिया गया. वजह थी कि वह क्लास में ज़्यादा बोलने और शरारतों के चलते शिक्षकों की निगाह में आ गया था और उसे 'पॉड' नामक एक विशेष व्यवस्था में डाला गया था. डेल को यह अपमानजनक और बच्चे के आत्मविश्वास के लिए हानिकारक लगा. उन्होंने रिसर्च के बाद पाया कि यदि बच्चों के आत्मविश्वास पर शुरुआती उम्र में प्रहार किया जाए तो यह स्थायी रूप से कम हो सकता है.



नतीजतन, उन्होंने अगले ही दिन बेटे को स्कूल से हटा लिया.

डेल ने स्कूल प्रशासन को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया कि उनका बेटा अब वापस नहीं आएगा. हालांकि, हेडटीचर ने इसे उनकी गलती बताया, लेकिन डेल का मानना था कि वह अपने बेटे को भीड़ में घुलने-मिलने के बजाय अलग पहचान दिलाना चाहते हैं. उनके मुताबिक, 'मेरे बच्चों की अपनी मज़बूत राय है और मैं नहीं चाहता कि स्कूलिंग उनकी स्वतंत्र सोच को दबा दे.' दो साल बाद डेल ने अपने छोटे बेटे हैरी (Harry) को भी होमस्कूलिंग में शामिल कर लिया. हालांकि यह निर्णय कठिन था क्योंकि हैरी बहुत सामाजिक बच्चा था और नर्सरी में सबका प्रिय था लेकिन डेल को तब तक होमस्कूलिंग के फायदों का अहसास हो चुका था और बड़े बेटे के साथ रिश्ते मजबूत हो चुके थे.

**खाना-खजाना**

# बेसन का हलवा

नवरात्र के दिनों में माता रानी की पूजा-अर्चना के साथ-साथ भोग और प्रसाद का भी विशेष महत्व होता है। कई लोग 9 दिनों तक व्रत रखते हैं और माता को अलग-अलग प्रकार के प्रसाद चढ़ाते हैं। इस साल, अगर आप कुछ नया और स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तो बेसन का हलवा एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। खास बात यह है कि इसे बनाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता।

### सामग्री :

- बेसनः 1 कप
- घीः आधा कप
- चीनीः 1 कप
- पानीः 2 कप
- इलायची पाउडरः आधा चम्मच
- काजू, बादाम (कटे हुए): गार्निशिंग के लिए



### विधि :

सबसे पहले, एक कड़ाही में घी डालकर उसे मध्यम आंच पर गरम करें। इसके बाद, जब घी पिघल जाए, तो उसमें बेसन डालकर लगातार चलाते रहें।

बेसन को तब तक भूनें जब तक उसका रंग सुनहरा न हो जाए और उसमें से अच्छी सी खुशबू न आने लगे। ध्यान रखें कि बेसन को चलाते रहना है, वरना वह जल सकता है।

जब बेसन अच्छी तरह भून जाए, तो इसमें पानी और चीनी डालें। इस समय आंच को धीमा कर दें। मिश्रण को लगातार चलाते रहें ताकि कोई गांठ न बने। जब हलवा गाढ़ा होने लगे और कड़ाही का किनारा छोड़ने लगे, तो इसमें इलायची पाउडर मिलाएं।

अब गैस बंद कर दें और कटे हुए ड्राई फ्रूट्स से इसे सजाएं।

आपका स्वादिष्ट और दानेदार बेसन का हलवा तैयार है। इसे माता रानी को भोग लगाएं और फिर पूरे परिवार के साथ प्रसाद के रूप में बांटकर खाएं।

# रोज सुबह अंजीर का पानी पीने के फायदे

हेल्दी रहने के लिए हम अक्सर महंगे सप्लीमेंट्स लेते हैं या मुश्किल डाइट प्लान फॉलो करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं एक आसान सा उपाय आपके शरीर को कई तरह की परेशानियों से बचाने में मदद कर सकता है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं अंजीर के पानी की। जी हां, अंजीर का पानी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। अगर रोज सुबह 2-3 भीगे हुए अंजीर का पानी पीना शुरू कर दें, तो इससे आपके शरीर को कई जरूरी पोषक तत्व मिल सकते हैं और कई बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है. आइए जानें रोज सुबह अंजीर का पानी पीने के फायदे।

### पाचन तंत्र मजबूत

अंजीर का पानी सबसे ज्यादा पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद माना जाता है। अंजीर में फाइबर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। जब इसे पानी में भिगोकर पिया जाता है, तो यह एक नेचुरल लैक्सेटिव का काम करता है। यह फाइबर मल को नरम बनाता है और आंतों की सिकुड़न को बढ़ावा देकर कब्ज की समस्या को जड़ से खत्म करता है। नियमित रूप से इसे पीने से पेट साफ रहता है, गैस और एसिडिटी की समस्या में भी आराम मिलता है। साथ ही, यह आंतों के अच्छे बैक्टीरिया के लिए भी फायदेमंद है।

### हड्डियों की मजबूती

हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम के साथ-साथ फॉस्फोरस और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स की जरूरत होती है। अंजीर इन सभी पोषक तत्वों का एक अच्छा सोर्स है। रोज सुबह अंजीर का पानी पीने से शरीर को इन जरूरी मिनरल्स मिलते हैं, जो हड्डियों की डेंसिटी को बनाए रखने में मदद करती है। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव में खासतौर से महिलाओं और बढ़ती उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है।



### मेटाबॉलिज्म में सुधार

अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो अंजीर का पानी आपकी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद हाई फाइबर सुबह-सुबह आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे आपको अनहेल्दी स्नैकिंग से बचने और कैलोरी इनटेक कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, यह मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने का काम भी करता है। बेहतर मेटाबॉलिज्म शरीर की कैलोरीज बर्न करने में मदद करता है, जिससे वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

### दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

अंजीर में पोटैशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मददगार है। साथ ही, इसमें मौजूद फाइबर शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में सहायक होता है। यह आर्टरीज में प्लाक जमाव को रोककर दिल की बीमारियों, हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को कम करता है।

### ब्लड शुगर लेवल को रेगुलेट करना

अंजीर में मौजूद फाइबर और अन्य कंपाउंड ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं। फाइबर खाने के पाचन को धीमा करता है, जिससे शुगर धीरे-धीरे ब्लड में रिलीज होती है। इससे अचानक ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा कम हो जाता है। हालांकि, डायबिटीज के मरीजों को डॉक्टर से सलाह लेकर ही अंजीर खाना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष** : पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**वृषभ** : व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** : घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

**कर्क** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें।

**सिंह** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**कन्या** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा।

**तुला** : दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी।

**धनु** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। फालतू खर्च होगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें।

**मकर** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ** : फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय होगी। संतुष्टि नहीं होगी।

**मीन** : यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# त्योहारों की सफाई में न फेंके पुराने प्लास्टिक डब्बे



### जान लें गार्डन को नया लुक देने का तरीका

त्योहारों का मौसम करीब है और ऐसे में हर घर में सफाई और रंगाई का काम जोरों पर होता है. पुराने सामानों को निकालकर फेंकने की परंपरा भी इसी दौरान निभाई जाती है, लेकिन इस बार कुछ नया सोचें. पुराने प्लास्टिक के डिब्बे, पेंट बाल्टी, तेल के कनस्तर या अन्य प्लास्टिक के कंटेनर जिन्हें आप फेंकने जा रहे हैं, वो आपके गार्डन की खूबसूरती बढ़ा सकते हैं.

इन पुराने प्लास्टिक कंटेनर्स को वेस्ट समझकर फेंकने की बजाय आप इन्हें थोड़ा सा क्रिएटिव टच देकर खूबसूरत गमलों में बदल सकते हैं. इसके लिए आपको बस कुछ रंग, ब्रश, कैंची और थोड़ी कल्पनाशक्ति की जरूरत है.



सबसे पहले डिब्बों को अच्छे से धो लें और सूखा लें. फिर इनके ऊपरी हिस्से को काट कर गमले का आकार दें.अब अपनी पसंद के अनुसार इन्हें ऐक्रेलिक पेंट या स्प्रे पेंट से रंग दें. जिससे पुराने डिब्बों की खूबसूरती बढ़ जाती है. ये रंग-बिरंगे डिब्बे आपके गार्डन की खूबसरती में चार-चांद लगाने का भी काम करेगा.

चाहें तो इन पर वॉरली आर्ट, मधुबनी या डॉट पेंटिंग जैसे देसी डिजाइन भी बना सकते हैं. बच्चों को भी इस काम में शामिल करें, ताकि उनका क्रिएटिव टैलेंट भी उभरे और परिवार के साथ क्वालिटी टाइम भी बिताया जा सके.

रंग सूखने के बाद इनमें मिट्टी भरें और अपनी पसंद के पौधे लगाएं . चाहे फूल हों, हर्ब्स या सजावटी पौधे. इस तरह से आप न केवल पर्यावरण को प्लास्टिक वेस्ट से बचा रहे हैं, बल्कि अपने गार्डन को भी बेहद आकर्षक लुक दे रहे हैं.

प्लास्टिक कंटेनर मजबूत और टिकाऊ होते हैं, जिससे ये लंबे समय तक उपयोगी रहते हैं और मौसम का असर भी कम होता है. इसके अलावा आप इन्हें बालकनी, छत या घर के बाहर दीवारों पर भी लटका सकते हैं.

इस बार सफाई के साथ-साथ अपने गार्डन को भी दें एक नया रंगीन तोहफा. पुराने डब्बों को गमलों में बदलकर छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव लाना आसान है. इसमें आप हर तरह के सजावटी पौधे लगा सकते हैं. इन डिब्बों की मदद से आप अपने घर में छोटा सा किचन गार्डन भी तैयार कर सकते हैं. इससे आपको ताजी सब्जियां भी मिलती रहेगी.

# बिना जामन भी जमेगा हलवाई जैसा मोटा कट्टेदार दही



ज्यादातर लोग घर पर ही ताजा दही जमाना पसंद करते हैं. आम तौर पर इसके लिए जामन का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन घर में जामन खत्म हो जाए तो क्या करें ऐसे में दादी-नानी के नुस्खे काम आते हैं. इनके जरिए आप आसानी से दही जमा सकते हैं.

### पुराने सिक्के से जमता है दही

दही जमाने का जो तरीका आज हम बताने जा रहे हैं उसके अलावा लोग जामन ना होने पर हरी मिर्च की डंडी से भी दही जमाते हैं. इससे भी बिना जामन के दही जम जाता है बस थोड़ा ज्यादा समय लगता है. यह एकदम मीठा होता है और स्वाद में बेहतरीन. हालांकि हम जिस तरीके की बात कर रहे हैं उसमें हरी मिर्च की डंडी नहीं बल्कि चांदी का सिक्का या पुराना सिक्का दही जमाने में काम आता है. जानते हैं विस्तार से.

### यह तरीका अपनाएं

सबसे पहले दूध को अच्छी तरह उबाल लें. गर्म दूध में चांदी का सिक्का या पुराना सिक्का डाल दें. दूध को ढककर किसी गर्म स्थान पर रख दें. करीब 8 से 10 घंटे बाद दही जमकर तैयार हो जाएगा. सुबह तक गाढ़ा और हल्का खट्टा दही मिल जाएगा. दही जमाने का यह परम्परागत नुस्खा आज भी काम आता है और बड़े कार्यक्रमों में भी इसी तरह का इस्तेमाल किया जाता है.

### शुद्ध सिक्का ही चुनें

परम्परागत तरीकों से जमाया गया दही न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है. गर्मियों में दही का सेवन शरीर को ठंडक पहुंचाता है, पाचन ठीक करता है और ऊर्जा भी देता है. जब घर में जामन न हो, तो इन घरेलू नुस्खों की मदद से आसानी से दही जमाया जा सकता है. ध्यान रखें कि अगर आप चांदी का सिक्का इस्तेमाल कर रहे हैं तो वह शुद्ध चांदी का होना चाहिए.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी में हिस्ट्रीशीटर को घेरकर ईंट-पत्थर से सिर कूंचकर हत्या, 18 पर केस दर्ज

**प्रयागराज.** यूपी में प्रयागराज के अल्लापुर में शुक्रवार की रात एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश की ईंट-पत्थर से सिर कूंचकर हत्या कर दी गई। हमले में उसका एक साथी घायल भी हुआ है। उसे बेली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात की वजह रंजिश बताई गई। मृतक की बहन रत्नादेवी की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर बदमाश सिकंदर समेत लगभग डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें लगी हैं। ईडब्ल्यूएस कॉलोनी अल्लापुर निवासी 40 वर्षीय साजन पुत्र छोट्टन नगर निगम में सफाईकर्मी था। तीन भाई में सबसे छोटा था। साजन जार्जटाउन थाने का हिस्ट्रीशीटर भी था। उस पर 21 मुकदमे दर्ज थे। शुक्रवार रात वह अपने दोस्तों संजय, विनीत और दारागंज निवासी अमित निषाद के साथ मोहल्ले में ही रोशनी देखने गया था। पुलिस के अनुसार, रात लगभग 12:30 बजे अमिताभ बच्चन रोड पर हैजा अस्पताल के पास वहीं के रहने वाले सिकंदर पासी, गुड्डू पासी, सुधीर पासी, गोलू पासी, बेतुल और जितेंद्र आदि से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

### लखीमपुरखीरी में सड़क हादसा, वैन और बस की आमने सामने टक्कर, 5 की मौत

**लखीमपुरखीरी.** यूपी के लखीमपुरखीरी में भीषण सड़क हादसा हो गया। सीतापुर फोर लेन पर रविवार सुबह साढ़े सात बजे खीरी थाना क्षेत्र में रोडवेज की बस और वैन में आमने - सामने की टक्कर हो गई। हादसे में वैन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार 15 लोग जख्मी हो गए। वैन ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने जिला अस्पताल लाते समय दम तोड़ दिया। इलाज के दौरान हादसे में बालक समेत पांच की मौत हो गई। मरने वालों में दो लोग बहराइच जिले के हैं। जिला अस्पताल से सात घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है।

### यूपी में बसपा नेता को जान से मारने की धमकी, पहले फोन फिर मैसेज करके डराया

बसपा नेता व आरपीएम डिग्री कालेज के डायरेक्टर डॉ अविन शर्मा को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाला खुद को राजेश टौंटा गैंग का सदस्य बता रहा है। इस मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। कोतवाली मुरसान क्षेत्र के गांव कोरना निवासी डॉ अविन शर्मा विधान सभा सादाबाद के बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके है। डॉ अविन शर्मा का आरोप है कि 25 सितंबर 2025 की रात को करीब 11:19 बजे राघवेन्द्र चौधरी नाम के व्यक्ति ने अपने मोबाइल नम्बर से उन्हें फोन किया।

आरोप है कि फोन करने वाले ने जान से मारने की धमकी दी। कहा कि वह राजेश टोंटा गैंग का आदमी है। जब फोन काट दिया तो आरोपी ने व्हट्सएप पर मैसेज किये। व्हाट्सएप पर किए गए मैसेज में भी जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। इस बात की शिकायत लेकर अविन शर्मा ने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर आरोपी राघवेंद्र चौधरी निवासी नगला अलगर्जी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुरसान थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# तमिलनाडु रैली भगदड़ में 39 की मौत

**करूर.** तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेता और अभिनेता-राजनेता विजय द्वारा आज रात करूर में आयोजित एक राजनीतिक आउटरीच रैली में हुई भगदड़ में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु के डीजीपी ने यह आंकड़ा साझा किया। उन्होंने कहा कि विजय की पार्टी की रैली में उम्मीद से कहीं ज्यादा लोगों के आ जाने की वजह से यह हादसा हुआ है। इसमें अभी तक महिलाओं और बच्चों समेत 39 लोगों की मौत हो चुकी है। सूबे के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन घायलों से मिलने के लिए करूर के सरकारी अस्पताल पहुंच चुके हैं। यहां पर उन्होंने घायलों से बात की और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए सीएम स्टालिन ने कहा कि इस दुर्घटना को लेकर जांच समिति गठित कर दी गई है। इसकी जो भी सच्चाई है, वह जल्दी ही सामने आ जाएगी। सीएम ने कहा कि एक बार सच्चाई सामने आए के बाद उसी के अनुसार ऐक्शन लिया जाएगा।

घटना की जानकारी मिलते ही गृहमंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन और राज्यपाल से बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक गृहमंत्री ने दोनों से घटना के बारे में पूछा और पूरी मदद का आश्वासन दिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने घटना



की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं और मृतकों के परिवारों को दस लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। इसी दौरान विजय का भी घटना को लेकर पहला रिएक्शन सामने आया है। विजय ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि उनका दिल टूट गया है। घायलों का हाल जानने के लिए सरकार अस्पताल पहुंचे तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री अंबिल बच्चों के शव देखकर फूट-फूटकर रो पड़े।

रिपोर्टों के अनुसार, 50 से अधिक लोगों को करूर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रैली स्थल से कई एम्बुलेंस में और लोगों को सरकारी अस्पताल ले जाया जा रहा है, जिनमें से कई बेहोशी की हालत में हैं।

एक बयान में, स्टालिन ने कहा कि मृतकों में आठ बच्चे और 16 महिलाएं शामिल हैं। इस त्रासदी पर गहरा दुःख और पीड़ा व्यक्त करते हुए, श्री स्टालिन ने कहा कि इस घटना में हुई बहुमूल्य जानें सभी लोगों की अंतरात्मा को झकझोर कर रख देंगी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और अस्पताल प्रशासन को सभी घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया।

यह पूरा घटनाक्रम उस वक्त शुरू हुआ, जब तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उसी वक्त वहां पर कुछ बच्चे बेहोश होकर गिरने लगे। कार्यकर्ताओं ने स्थिति को भांपा और शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद विजय का ध्यान भी इस तरफ गया और उन्होंने भाषण रोकर लोगों तक पानी को बोतलें पहुंचाने की कोशिश की। एंम्बुलेंस के जरिए भी लोगों को अस्पताल पहुंचने की कोशिश की गई। स्थिति को और बिगड़ता देखते हुए विजय ने तुरंत ही अपना भाषण खत्म कर दिया।

## गजवा-ए-हिंद के नाम पर हिंसा करने वालों को जहन्नुम का टिकट

- सीएम योगी की खुली चेतावनी

**बलरामपुर.** बरेली बवाल के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ फिर गरजे हैं। रविवार को बलरामपुर में सीएम योगी ने खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि गजवा-ए-हिन्द भारत की धरती पर नहीं होगा। उपद्रव करने वालों का जहन्नुम का टिकट कटवा कर दे दिया जाएगा। योगी ने कहा कि उपद्रवियों को मालूम नहीं है कि वह बच्चों की जिंदगी को भी खराब कर रहे हैं, लेकिन यह सरकार अराजकता को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगर किसी ने त्योहारों के उत्सव के बीच किसी ने उपद्रव करने की कोशिश की, तो उन्हें ऐसी सजा दी



जाएगी कि उसकी आने वाली पीढ़ियां भी भूल नहीं पाएंगी। लोग इस मानसिकता के साथ जी रहे हैं कि उनको अपनी गलतफमी दूर कर लेनी चाहिए. वो समय गया, ऐसे लोगों को राज्य सरकार बर्दाशत किया करती थी। जो भी सुरक्षा को हाथ में लेने की कोशिश करेगा उस पर कठोर कार्रवाई होगी।

इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में देवी आराधना के बाद 825.29 करोड़ की 124 परियोनाओं की सौगातें दीं। योगी ने विक इस परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को बलरामपुर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मां पाटेश्वरी मंदिर में रात्रि विश्राम किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर की व्यवस्थाओं व नवरात्रि मेले की तैयारियों की जानकारी ली।

## कहां गए राहुल गांधी?

- कांग्रेस नेता ने बताई पूरी बात;
- भाजपा ने कसा तंज

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश यात्रा पर गए हुए हैं। उनकी इस यात्रा को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस ने अटकलों को साफ करते हुए कहा कि राहुल गांधी साउथ अमेरिका की यात्रा पर गए हुए हैं। इस यात्रा में वह चार देशों के छात्रों, राजनैतिक नेताओं और बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। मीडिया को जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, 'लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका की यात्रा पर गए हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को फ्लाइट के जरिए अपनी यात्रा शुरू की थी। उनकी यह यात्रा लगभग एक सप्ताह की है। इस दौरान वह साउथ अमेरिका के चार देशों ब्राजील,कोलंबिया, पेरू और चिली के लोगों से मिलेंगे।

## श्रीसीम यौन शोषण केस-

## चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार

- यूएन-ब्रिक्स के फर्जी विजिटिंग कार्ड मिले
- पूछताछ जारी;
- 17 छात्राओं ने दर्ज कराई थी शिकायत

**नई दिल्ली.** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है।

चैतन्यानंद फरार था और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ



जारी है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे संयुक्त राष्ट्र में स्थायी राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है।

### शनिवार को आगरा पहुंचे थे चैतन्यानदं

आगरा के जिस होटल से स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को गिरफ्तार किया गया था, उसके रिसेप्शनिस्ट भरत ने बताया कि चैतन्यानंद शनिवार शाम करीब 4 बजे वहां पहुंचे। उन्होंने आगे बताया कि उनके ठहरने के दौरान उनसे मिलने कोई नहीं आया।

# '2 अक्टूबर को खादी सामान जरूर खरीदें, गर्व से कहें स्वदेशी हैं'

- मन की बात में पीएम मोदी ने की अपील

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी-शक्ति का उत्सव मनाते हैं। व्यापार से लेकर खेल तक और शिक्षा से लेकर विज्ञान तक आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रहीं है। आज वे ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है।'

पीएम मोदी ने कहा, '2 अक्टूबर को गांधी जयंती है। गांधी जी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया और इनमें खादी सबसे प्रमुख थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद खादी की रौनक कुछ फीकी पड़ती जा रही थी, लेकिन बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ा है। मैं आप




सभी से आग्रह करता हूं कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी सामान जरूर खरीदें और गर्व से कहें ये स्वदेशी हैं।'

### छठ पूजा का भी पीएम मोदी ने किया जिक्र

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'छठ पूजा ऐसा एक पावन पर्व है जो दीवाली के बाद आता है। इसमें हम डूबते सूर्य को भी अर्घ्य देते हैं, उनकी आराधना करते हैं। आज ये एक वैश्विक उत्सव बन रहा है। भारत सरकार छठ महापर्व को UNESCO की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत है। जब छठ पूजा UNESCO की सूची में शामिल हो जाएगी, तो दुनिया के हर कोने में लोग इसकी भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे।'

### लता मंगेशकर को पीएम मोदी ने किया याद

पीएम मोदी ने कहा, 'आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया। भारत की संस्कृति से भी उनका गहरा जुड़ाव था। मैं लता दीदी के लिए हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता हूं।'

# भारत के अनंत शस्त्र ने उड़ाई दुश्मनों की नींद

- सेना ने जारी किया टेंडर
- गजब की खासियतें

**नई दिल्ली.** सेना ने स्वदेशी अनंत शस्त्र क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल (QRSAM) सिस्टम की तीन रेजिमेंट्स की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसकी लागत लगभग 30 हजार करोड़ रुपये है। इस सिस्टम को डीआरडीओ ने तैयार किया है, जो 30 किलोमीटर से अधिक दूरी पर विमानों, हमलावर हेलीकॉप्टरों, ड्रोनों, रॉकेटों और मिसाइलों का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकता है। सेना ने इसी हफ्ते इसके लिए टेंडर जारी किया। पाकिस्तान के साथ मई 7 से 10 तक सीमा पर चली तनातनी के बाद



यह कदम उठाया गया है। ऐसे में इसे रक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

अनंत शस्त्र QRSAM सिस्टम को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारत डायनामिक्स जैसे रक्षा पीएसयू के सहयोग से बनाया जाएगा। इस प्रणाली में 360 डिग्री रडार, जैमिंग शील्ड, मोबाइल लॉन्चर और ऑल-वेदर ट्रैकिंग सिस्टम शामिल हैं, जो 8x8 उच्च गतिशील वाहनों पर स्थापित हैं। यह सिस्टम टैंकों, पैदल सेना के युद्धक वाहनों और तोपखाने की तोपों को हवाई हमलों से सुरक्षा देगा। सेना को लंबे समय में ऐसी 11 QRSAM रेजिमेंट्स की जरूरत रही है। वायुसेना तीन QRSAM स्क्वाड्रन को शामिल करने की तैयारी में है।

### अनंत शस्त्र की खासियत जानें

QRSAM सिस्टम अपनी खोज, ट्रैक और कम समय में फायर की क्षमता से लैस है। यह मैदानी, रेगिस्तानी और पहाड़ी क्षेत्रों में यांत्रिक सैन्य टुकड़ियों के लिए बेहद कारगर साबित होगा। यह 6 से 10 किलोमीटर की ऊंचाई पर 30 किलोमीटर की दूरी तक आने वाले खतरों को बेअसर करने में सक्षम है। इसे इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सिस्टम सेना के आकाशतीर कमांड और कंट्रोल नेटवर्क के साथ जुड़ेगा, जिससे दुश्मन के विमानों, स्वार्म ड्रोनों और लॉइटरिंग मुनिशन्स जैसे नए खतरों से प्रभावी ढंग से निपट सकेगा।

## मिथुन BCCI के नए अध्यक्ष

- 2007 में दिल्ली को रणजी ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान
- पंजाब किंग्स के कोच रहे



मर डोमेस्टिक क्रिकेटर मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी BCCI के अध्यक्ष बन गए है। इसका ऐलान रविवार को मुंबई में BCCI ऑफिस में हुई एनुअल जनरल मीटिंग (AGM) के बाद हुआ। वे इस पद पर निर्विरोध चुने गए।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने X पर पोस्ट कर मिथुन मन्हास को बधाई दी। उन्होंने लिखा- मिथुन मन्हास आधिकारिक रूप से BCCI के अध्यक्ष बन गए हैं।

- J&K की अंडर-15 टीम में खेले

मन्हास ने जम्मू कश्मीर से अंडर-15, अंडर-16 और अंडर-19 खेला। उन्होंने 3 साल J&K के लिए अंडर-19 खेला। साल 1995 में उन्होंने लगभग 750 रन बनाए और देश के हाईएस्ट अंडर-19 स्कोरर बने। बाद में J&K टीम के कैप्टन बने। इसी परफॉर्मेंस के चलते उनका सिलेक्शन नॉर्थ जोन के लिए हुआ।

12वीं की परीक्षा देने के बाद मन्हास कुछ महीनों के लिए पहली बार दिल्ली आए। तब उनकी उम्र 17 साल थे। यहां आकर उन्होंने दिल्ली के प्रीमियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और यहीं से खेलने लगे। उस दौर में दिल्ली की टीम में वीरेंद्र सहवाग और आशीष नेहरा जैसे दिग्गज खेलते थे।

दिल्ली के टूर्नामेंट में अच्छा परफॉर्म करने के चलते उनका सिलेक्शन अंडर-19 नेशनल टीम में हुआ। फिर साल 1996 में उनका सिलेक्शन रणजी ट्रॉफी में दिल्ली की टीम में हुआ। हालांकि, कोई मैच नहीं खेला। फिर अगले साल 1997 में उन्होंने दिल्ली की ओर से रणजी डेब्यू किया।

## PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to general public that my clients are intending to purchase the immovable property i.e. Plot Opp. Block No.849 & 850, Room Nos. 1698, 1699 and 1700, Sheet No.56, Camp No.5, Ulhasnagar, Dist. Thane (Maharashtra), area admeasuring 126 sq.yards (as per C.D. No.SDO/Plot/C-5/CDR No.27, dated 20/11/2000) and 333 sq.yards (as per C.D. No.SC/CSC/WP-1526/454/99, dated 06/01/2000) within the limits of Ulhasnagar Municipal Corporation from its owners (1) Smt. Jyoti Prakash Chandwani and (2) Shri Dhiraj Vinod Thakur.

All persons having or claiming any right, title, interest, claim, demand, objections against the said Owner and/or against the said property or any part thereof in any manner including by way of any Agreement for Sale, Transfer, Gift, Lease, Lien, Charge, Mortgage, Inheritance, Maintenance, Easement, Restrictive Covenant or otherwise howsoever are hereby required to make the same known in writing alongwith documentary proofs in support of the same to the undersigned within 14 (Fourteen) days from the date of publication hereof, failing which we will assume that there is no right, title, interest, claims, demands whatsoever against the said property or any part thereof, and in any event, the same if any, shall be deemed to have been waived and abandoned and the transaction will be completed.

**SCHEDULE OF PROPERTY**

Plot Opp. Block No.849 & 850, Room Nos. 1698, 1699 and 1700, Sheet No.56, Camp No.5, Ulhasnagar, Dist. Thane (Maharashtra), area admeasuring 126 sq.yards (as per C.D. No.SDO/Plot/C-5/CDR No.27, dated 20/11/2000) and 333 sq.yards (as per C.D. No.SC/CSC/WP-1526/454/99, dated 06/01/2000) within the limits of Ulhasnagar Municipal Corporation from its owners (1) Smt. Jyoti Prakash Chandwani and (2) Shri Dhiraj Vinod Thakur.

**ANIL G. KHASTURI**
Advocate High Court
Khasturi Chambers, 105, Central Market,
Opp.Central Hospital, Ulhasnagar 421003
Mb.No. 9860583130

Date:26/09/2025

## PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Land with Residential Premises, known as R.C.C Residential Building, consisting of Ground Floor with parking Residential Flat on complete 1st Floor 2nd Floor of the building/bunglow known as NIRANKARI BUILDING, constructed on C.D. hold land of Plot No. 453 Sec. 7.A bearing C.T.S. No. 7808, Opp. Sadhu Vaswani Garden, Ulhasnagar-1, Dist. Thane having land area having C.D. area admeasuring 160 Sq. Yards as per C.D. having area as per Property Card is 133.80 Sq. Meters is land under sale Assessed by Ulhasnagar Municipal Corporation under Property No. 13B1015462200 of First Floor and Property No. 13B1015462200 of Second Floor, of Ward No. 13 (as it is where it is basis) from 1) Madan Gulabchand Rawlani 2) Sunderlal kishinchand Rawlani 3) Manoharlal Melapchand Nirankari

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or Govt. Liability or GST Liability otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with documentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

**Ramesh T. Ramrakhiyani**
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society, Main Road,
Opp. Venus Talkies, Ulhasnagar-4
Mobile: 9320667400 / 9422667400

## आम सूचना

मैं श्री रियास मोहम्मद आलम शेख सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, अमर डाय रोड, गुलशन नगर, शहाड, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 01एओ013931300) उक्त प्रॉपर्टी श्री नामपाल्ली नरसम्या चीनीगिरी ने सेल एग्रीमेंट दि. 13.12.2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रियास मोहम्मद आलम शेख**

## आम सूचना

मैं श्री देवानंद हिम्मतराव राउराले सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 1081, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 38बीओ006901400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुभद्रा साहिबराव गौरखेरे व मनिषा विकास खापर्डे से सेल एग्रीमेंट दि. 27.9.2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्त का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री देवानंद हिम्मतराव राउराले**

## आम सूचना

मैं श्री बैलेम शिवा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 1154, पवाई चौक, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 30सीओ008364600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती विजयलक्ष्मी बिमाना आशाना बी से सेल एग्रीमेंट दि. 24.9.2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्त का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री बैलेम शिवा**

## आम सूचना

मैं श्री अनिल रामदास सपकाले सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, टीजी + पत्राछत, गोपाल नगर, रुम नंबर 4, बैरक नंबर 189 के पीछे, साधुबेला हाईस्कूल के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 16एआय015897000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती प्रमिला आर. सपकाले नाम पर है। उनका 4.4.2025 को निधन हो गया है। श्री रामदास मांगो सपकाले, श्रीमती रेखा सुनिल कोली, श्रीमती कल्पना अजीत कोली व श्री प्रशांत रामदास सपकाले ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 26.9.2025 सी.नं. 3271/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिल रामदास सपकाले**

## आम सूचना

मैं श्रीमती जूली राजेश कीर सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, अप्पर पोर्शन, यु.न.72, बैरक नंबर 138 बी, रुम नंबर 8,9 के सामने, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 05एओ014435400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री जयराम वाशुमल गचीराई के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 31.5.2025 सी नं. 1356/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती जूली राजेश कीर**

**संक्षेप...**

## पाँच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई.** जोगेश्वरी पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में पाँच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। 38 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक सलीम मोल्ला दहिसर पश्चिम में रहता है, जबकि अन्य चार मीरा रोड पूर्व में रहते हैं। आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करने के बाद, पुलिस पाँचों व्यक्तियों को बांग्लादेश भेज देगी। जोगेश्वरी पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि एक बांग्लादेशी नागरिक जोगेश्वरी पुलिस क्षेत्राधिकार में आने वाला है।

# उपमुख्यमंत्री शिंदे ने स्टेम वाटर व्यवस्थापक को हटाया

- **ठाणे अतिरिक्त आयुक्त रोड़े की जांच के आदेश**
- **भाजपा विधायक महेश चौगुले का प्रयास लाया रंग**



**भिवंडी.** ठाणे जिला वार्षिक योजना बैठक में भिवंडी तालुका और ठाणे जिले के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई.बैठक में भाजपा विधायक महेश चौघुले ने स्टेम वाटर कंपनी के प्रबंध निदेशक पद पर संकेत घरत की अवैध नियुक्ति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया.सांसद सुरेश म्हात्रे, विधायक संजय केलकर और विधायक रईस शेख ने भी उनका समर्थन किया.भाजपा विधायक महेश चौगुले ने बताया कि,2021 में स्टेम कंपनी के प्रबंध निदेशक पद पर संकेत घरत की नियुक्ति नियमों का उलंघन कर की गई थी. इस संबंध में, मैंने और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ठाणे नगर निगम आयुक्त के पास 10 से अधिक बार शिकायत दर्ज कराई थी.हालाँकि, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे और उपायुक्त जी.जी. गोदापुरे ने फाइलों को दबाए रखा और कार्रवाई से बचते रहे.

शिकायत के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार जलापूर्ति विभाग ने 15 अक्टूबर, 2024 को एक जाँच समिति का गठन किया.जल आपूर्ति उप सचिव मोहिते की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट के अनुसार, यह स्पष्ट था कि संकेत घरत की नियुक्ति पूर्णतया गलत थी.नियुक्ति समिति सदस्य होने के बावजूद अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने रिपोर्ट पर हस्ताक्षर नहीं किए, क्योंकि उन्होंने घरत का अनुशंसा पत्र 2021 में दिया था.13 फरवरी 2025 को हुई बैठक में नए एमडी पद के लिए विज्ञापन जारी कर 15 दिनों के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे. नई नियुक्ति आदेश का उलंघन कर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने फ़ाइल को रोक कर रखा. विधायक चौगुले का आरोप था कि,स्टेम प्राधिकरण का कार्यभार संभालने के बाद से संकेत घरत ने कंपनी को भारी नुकसान में डाल दिया है. 2020 में स्टेम कंपनी की 300 करोड़ रुपये की जमा राशि घटकर केवल 60 करोड़ रुपये रह गई है.संकेत घरत, प्रशांत रोडे और गोदापुरे ने मिलकर भारी भ्रष्टाचार किया है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होना आवश्यक है. पालकमंत्री और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि,संकेत घरत को प्रबंध निदेशक के पद से तुरंत हटाया जाए.अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी. गोडापुरे द्वारा मिलीभगत से लिए गए निर्णयों की गहन जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

# जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का सक्षम अधिकारी कौन?

- **विधायक रईस शेख का तहसीलदार से सवाल !**



**भिवंडी.** समाजवादी विधायक रईस शेख ने तहसीलदार अभिजीत खोले के समक्ष प्रश्न उठाया है कि शहर में एक वर्ष के बाद जन्मे बच्चे को जन्मप्रमाण पत्र जारी करने के लिए कौन प्राधिकारी सक्षम है.भाजपा नेता किरीट सोमैया ने राज्य में बांग्लादेशी नागरिकों के जन्म प्रमाणपत्र के आधार पर कई नगरपालिका तहसीलदार कार्यालयों के कागजात जब्त कर लिया है

राज्य में पुराने रिकॉर्ड के आधार पर जन्म प्रमाणपत्र चर्चा में आ गए हैं. न्यायालय जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का प्राधिकारी था.बाद में, तहसीलदार कार्यालय में उप तहसीलदार को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया लेकिन एक बार फिर सरकार ने अधिकार तहसीलदार को दे दिए हैं. चूंकि सरकार ने तय किया है कि ग्रामीण इलाकों में प्रमाण पत्र जारी करने के लिए तहसीलदार अधिकृत हैं, इसलिए सवाल उठता है कि शहर के नगरपालिका क्षेत्र में जन्म प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अधिकृत अधिकारी कौन है ? बताया जा रहा है कि तहसीलदार कार्यालय ने सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय को अधिकृत किया लेकिन उन्होंने भी इस मामले से अपना हाथ खींच लिया है. विधायक रईस शेख ने सवाल उठाया है कि नागरिक किसके पास जाएँ.उन्होंने तहसीलदार अभिजीत खोले से मुलाकात और चर्चा करने के बाद ठाणे जिला कलेक्टर श्रीकृष्णा पांचाल से मोबाइल पर संपर्क किया और अगले 8 दिनों के भीतर इस संबंध में निर्णय लेने की मांग की है.तहसीलदार अभिजीत खोले ने जवाब दिया है कि सरकार के निर्णय के अनुसार, जन्म प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया तहसीलदार कार्यालय स्तर पर चल रही है.

# रघुकुल रीति सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाई



- **मानसरोवर आदर्श रामलीला मंडल में उमड़ रही दर्शकों की भारी भीड़**

**भिवंडी.** मानसरोवर आदर्श रामलीला मंडल कलाकारों द्वारा 5 वें दिन की रामलीला में राजा दशरथ द्वारा श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाए जाने की उद्घोषणा कुलगुरु श्री वशिष्ठ महाराज की सलाह पर की गई.श्रीराम को राजतिलक किए जाने की खबर को लेकर दासी मंथरा रानी कैकई के पास पहुंचकर उन्हें श्रीराम के खिलाफ भड़काते हुए कहती है कि,श्रीराम बनेंगे राजा तो अयोध्या की राजमाता कौशल्या बन जाएंगी जिससे आपका आपकी शानोशौकत,रुतबा सब छिन जाएगा. उक्त मौके पर पूर्व पार्षद श्याम अग्रवाल,पूर्व शिक्षण सभापति राजू गाजेंगी,पुलिस अधिकारी भरत ठाकरे,भाजपा सचिव बालमुकुंद शुक्ला, सीमा माहेश्वरी, पिंकी श्याम अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, ज्योति खेतान आदि गणमान्य मौजूद थे.

गौरतलब हो कि,आदर्श रामलीला मंडल मानसरोवर में रामलीला का मंचन बेमिसाल रूप से किया जा रहा है. संचालक प.आचार्य रामायणाचार्य नरेंद्र महाराज के मार्गदर्शन में व्यास पीठ पर बिराजमान पंडित संतोष मिश्रा ने मधुर अमृतवाणी में चौपाई गाकर बताया कि, गुरु वशिष्ठ सहित तमाम गुरुओं की सलाह पर ज्येष्ठ पुत्र धर्मपालक श्री रामचंद्र को अयोध्या का राजतिलक किए जाने की घोषणा की. राजा दशरथ द्वारा श्रीराम को अयोध्या का राजतिलक किए जाने से नाराज दासी मंथरा ने रानी कैकेई को बरगलाते हुए पूर्व में राक्षस देवासुर संग्राम में राजा दशरथ की रक्षा के बाद राजा दशरथ से मिले हुए 2 वरदानों की याद दिलाते हुए देने पर मजबूर करती है.रानी कैकेई दासी मंथरा के अनर्गल बहकावे में आकर राजा दशरथ से 2 वरदानों में से पुत्र भरत को अयोध्या की राज गद्दी और दूसरा भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास मांगती है.राजा दशरथ रानी कैकई को बारम्बार समझाते है लेकिन वे रघुकुल वंशज का गौरव खराब होने को लेकर महाराज दशरथ को उकसाते हुए तुच्छ शब्दों को भी कहने से नहीं चूकती जिससे महाराज दशरथ बहुत आहत होते हैं.राजा दशरथ राम को वन भेजने की बात सहन नहीं होती और वे जमीन पर मूर्छित होकर राम राम कहते हुए जमीन पर गिर जाते हैं. पिता राजा दशरथ के वचन को मान देते हुए श्रीराम पत्नी सहित भाई भरत के साथ तीनों माताओं का आशीर्वाद लेकर जंगल जाने को निकल जाते हैं.

# भिवंडी में पानी चोरों पर कसता शिकंजा

- **आयुक्त अनमोल सागर की सख्ती से पानी चोरों में खलबली**



**वैध तरीके से नल कनेक्शन लेने का आह्वान**

जलापूर्ति विभाग कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर ने लोगों से आह्वान किया है कि,पानी चोरी अक्षम्य अपराध है. मनपा जलापूर्ति विभाग से मंजूरी लेकर ही नल कनेक्शन लेकर मनपा का सहयोग कर अप्रिय कार्यवाही से बचें. मनपा राजस्व की क्षति सहित जलापूर्ति विभाग के नियमों का उल्लंघन करने पर कड़क एक्शन लिया जाएगा.

**भिवंडी.** धोबी तालाब स्टेडियम क्रांति साइज़िंग के सामने, रोशन बाग में पलंबर आसिफ शेख ने मनपा से बगैर मंजूरी सड़क खुदाई कर आर्थिक फायदे के लिए इमारत में जल निकासी लाइनें बिछाई थी.मनपा जलापूर्ति विभाग द्वारा 98 हज़ार रुपए का जुर्माना लगाया गया है. पानी चोरी और सरकारी संपत्ति नुकसान के लिए भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.पानी चोरी की दूसरी घटना में केसर बाग में बगैर मंजूरी अवैध रूप से नल कनेक्शन लेने का मामला संज्ञान में आने पर जलापूर्ति विभाग की टीम द्वारा पानी चोरी का मामला दाखिल कराया गया.पानी चोरी के तीसरे मामले में दरगाह रोड स्थित चार चाली निवासी समीर मोहम्मद यूसुफ मोमिन (समीर प्लंबर) ने मनपा से बगैर कोई अनुमति लिए जलापूर्ति पाइप में छेद कर कर 6 मंजिला इमारत के लिए आधा इंच व्यास की 5 पाइपों के अनधिकृत कनेक्शन लिए थे. मनपा ने 60,000 रुपये का आर्थिक दंड ठोकते हुए पुलिस में पानी चोरी का आपराधिक मामला दर्ज कराया है.उक्त कार्रवाई प्रशासक और आयुक्त अनमोल सागर के आदेश पर जलापूर्ति अभियंता संदीप पटनवार के मार्गदर्शन में उप अभियंता सरफराज अंसारी के नेतृत्व में वाटर टास्क फोर्स प्रमुख नफीस मोमिन एवं विराज भोईर की टीम द्वारा अंजाम दी गई.जलापूर्ति विभाग कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर के मार्गदर्शन में पानी चोरों पर कैसी जा रही नकेल से पानी माफियाओं में हड़कंप मचा है.

## 11वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**डोंबिवली.** डोंबिवली के वंदे मातरम कॉलेज का छात्र ऋषिकेश शर्विल परब (21) ने अपने ही घर की इमारत की 11वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, प्रेमिका से हुए जोरदार झगड़े के बाद उसने यह खौफनाक कदम उठाया। घटना परब के निवास स्थान पर घटी। जानकारी के मुताबिक वह अपने परिवार के साथ इमारत के 5वें माले पर रहता था, लेकिन आत्महत्या के लिए वह सीधे 11वें माले पर जाकर फायर डक्ट से कूद गया। छत से गिरते ही उसकी मौत हो गई। उसे बचाया नहीं जा सका।

## फादर एगनॅल स्कूल अपनी बसों को स्कूल प्रांगण में लगाए

- **आरटीओ पुलिस, मुख्याधिकारी कार्रवाई करे - विकास हेमराज**
- **फादर एगनल स्कूल को भी दिया निवेदन**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ फादर एगनल स्कूल की कई बस स्कूल के प्रांगण में ना लगाते हुए कोहोजगांव दर्गा के समक्ष प्रांगण में, चिंचपाड़ा खदान रोड, शंकर हाईट्स रोड पर लगाई जा रही है. इस बस की आड़ में नशेड़ी नशा करके उत्पात मचाते हैं. महिलाओं को छेड़ते हैं. इन सभी बसों को आठ दिन के भीतर स्कूल प्रशासन ने अपने प्रांगण में लगाना चाहिए, ऐसा निवेदन शिवसेना नेता विकास सोमेश्वर ने मुख्याधिकारी, आरटीओ एवं फादर एगॅनल स्कूल के प्रिंसिपल को दिया है. उनका कहना है कि एक तो शहर में युवकों को खेलने का मैदान नहीं है. रात के समय इन बसों से यहां वहां खड़े होने से बस की आड़ में नशेड़े अपनी महफिल जमाते हैं. महिलाओं पर अत्याचार हो सकता है. नपा की आरक्षित भूखंड पर ये बसें खड़ी की जाती हैं. नगर परिषद ने इन पर कार्रवाई करनी चाहिए ऐसा विकास ने मुख्याधिकारी से कहा है. फादर एगनल में स्कूल बस ज्यादा होने का कारण शहर से बहर के 60% बच्चों को एडमिशन देना है. स्थानीय को स्कूल में एडमीशन कम दिया जाता है. ये स्कूल अंबरनाथ शहर में है. उनका आरोप है कि स्थानीय को बस का ठेका, सुरक्षा रक्षकों को ठेका, सफाई का ठेका देने की बजाय बाहरी शहरों के ठेकेदार को ठेका दिया गया है, जो बर्दाश्त के बाहर है. स्कूल अंबरनाथ में है. बसों को यहां वहां लगाकर शहरवासियों को परेशानी में डाला जा रहा है. स्कूल प्रशासन ने स्कूल बसों को अपने प्रांगण में लगाए यहां-वहां ना लगाए, लोगों को परेशान ना करे. आरटीओ ने कार्रवाई करे. नपा की आरक्षित भूखंड पर लगने वाली बसों पर नपा ने कार्रवाई करे. ऐसा निवेदन विकास हेमराज एवं राहुल हेमराज उनके साथियों ने दिया है.

# SST महाविद्यालय की 'पाकीटमार रंगमंडल' एकांकी को आईएनटी प्रतियोगिता में सफलता





**उल्हासनगर.** इंडियन नेशनल थिएटर (आईएनटी) द्वारा आयोजित 50वीं एकांकी प्रतियोगिता में एसएसटी महाविद्यालय की संजीवनी सांस्कृतिक समिति के ड्रामानॉमिक्स विभाग द्वारा प्रस्तुत 'पाकीटमार रंगमंडल' इस हिंदी एकांकी ने प्रभावशाली अभिनय के बल पर अंतिम चरण में प्रवेश पाकर शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम चरण में भी कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की।

इस एकांकी में उम्दा अभिनय के लिए सुनील तिगुळे को 'श्रेष्ठ अभिनय' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हाल ही में संपन्न विभिन्न अंतर-महाविद्यालयीन एकांकी प्रतियोगिताओं में भी इस नाट्यप्रयोग ने कई पुरस्कार जीतकर अपनी दमदार पहचान बनाई है।

ड्रामानॉमिक्स विभाग की सफलता की परंपरा नई नहीं है। इससे पहले भी इस विभाग ने 'मूक संवाद', 'अनाहत' और 'शोध' जैसे नाट्यप्रयोगों के माध्यम से मुंबई विश्वविद्यालय, राज्यस्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर की एकांकी प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ एकांकी, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन और उत्कृष्ट अभिनय जैसे कई पुरस्कार अपने नाम किए हैं। इस सफल यात्रा ने महाविद्यालय की नाट्यकला क्षेत्र में पहचान को और मजबूत किया है।

इस सफलता के पीछे प्रो. सुदर्शन पाटील और सदान जावरे का निर्देशन, संजीवनी सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ. तुषार वाकसे, सांस्कृतिक समिति तथा संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी का मार्गदर्शन मिला। महाविद्यालय के कलाकारों की इस उपलब्धि से ड्रामानॉमिक्स विभाग की हर तरफ प्रशंसा हो रही है।

# साई पल्लवी ने फेक स्विमसूट फोटो पर दिया रिएक्शन

**वेकेशन की तस्वीरें शेयर कर लिखा- 'ऊपर दी गई फोटो असली हैं, AI जनरेटेड नहीं'**



क्ट्रेस साई पल्लवी की स्विम सूट वाली कुछ फोटो इंटरनेट पर वायरल हुई थीं। इन फोटो के वायरल होने के बाद साई को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट के जरिए ट्रोर्ल्स को जवाब दिया है। साथ ही, ये भी साफ कर दिया है कि वो सारी ही फोटो AI जनरेटेड थीं। दरअसल, साई ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी बहन पूजा और कुछ करीबी लोगों के साथ नजर आ रही हैं। ये वीडियो उनके वेकेशन के दौरान की है। दोनों बहनें समुद्र के किनारे एंजॉय करते नजर आ रही हैं। वीडियो में साई उसी आउटफिट में दिख रही हैं, जिसे मॉर्फ किया गया है। वीडियो कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा- 'PS ऊपर दी गई फोटो असली हैं, एआई जनरेटेड नहीं।'

बता दें कि हाल ही में साई की बहन पूजा कनन ने इंस्टाग्राम पर बीच वेकेशन की कई फोटोज शेयर की थीं, जिसमें दोनों बहनें स्विम वियर में नजर आ रही थीं। हालांकि, साई की क्लोज तस्वीरें थीं, जिसमें उन्होंने हाफ बाजू का स्विमसूट पहना हुआ था। इससे ये साफ नहीं था कि एक्ट्रेस ने बिकिनी पहनी है या नहीं। लेकिन यूजर्स उन्हें क्लोज बीच फोटो के लिए ट्रोल करने लगे।

# SST महाविद्यालय के NSS द्वारा एड्स जागरूकता विषयक सेमिनार



**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, उल्हासनगर–4 के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विभाग द्वारा एड्स जागरूकता संबंधी एक जानकारीपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ता श्रीमती शोभा थोटवे, परामर्शदाता, सेंट्रल हॉस्पिटल उल्हासनगर-4 ने एचआईवी/एड्स के कारण, संक्रमण के मार्ग, रोकथाम के उपाय, उपचार पद्धतियाँ तथा समाज में फैली गलतफहमियों को दूर करने पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तर के माध्यम से शंका समाधान का अवसर भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक, प्राध्यापक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी तथा उप-प्राचार्य एवं ठाणे जिला समन्वयक प्रा. जीवन विचारे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं तक एड्स संबंधी सही जानकारी पहुँचाना समय की आवश्यकता है। इस सेमिनार से विद्यार्थियों में जागरूकता और रोकथाम की दृष्टि और अधिक मजबूत हुई।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी प्रा. मयूर माथुर, प्रा. नम्रता सिंह, प्रा. सुरभि मिश्रा और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का योगदान महत्वपूर्ण रहा।




## आम सूचना

मैं श्री आशीष अखिलेश्वर सा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शाप नं. 4, ग्राउंड फ्लोर, साई महल अपार्टमेंट, मिनीस्टर काम्प्लेक्स के सामने, पवाई चौक, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 30सीओ005895000) उक्त प्रॉपर्टी श्री नरेश प्रतापराय राजानी ने सेल एग्रीमेंट दि. 16.9.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री आशीष अखिलेश्वर सा**

## आम सूचना

मैं श्री रशीद मोहम्मद रफीक अंसारी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 3, पहला माला, साई अपार्टमेंट, पोस्ट आफिस के पास, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एआय014814800) उक्त प्रॉपर्टी श्री गिरधारी किशनचंद दौलतानी ने सेल एग्रीमेंट दि. 17.4.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रशीद मोहम्मद रफीक अंसारी**

## आम सूचना

मैं श्री हरेश जयपाल रोहरा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. जी-1, ग्राउंड फ्लोर, अमृत विला अपार्टमेंट, ए विंग, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 52डीआय013033400) उक्त प्रॉपर्टी श्री जयपाल चेतनदास रोहरा ने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 15.3.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेश जयपाल रोहरा**

## आम सूचना

मैं श्रीमती लक्ष्मीबाई तोलाराम शेवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 8, 2रा माला, मोरंदमल अपार्टमेंट, बैरक नं. 220, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 16बीआय015915100) उक्त प्रॉपर्टी श्री तोलाराम भावनदास शेवाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 15.9.2025 सी नं. 471 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती लक्ष्मीबाई तोलाराम शेवाणी**

## आम सूचना

मैं श्री कमल गोपाल भाटिया सभी को सूचित कर रहा हूं कि मैंने राधास्वामी सत्संग ब्यास द्वारा कानूनन हस्ताक्षर करने वाला सेक्रेटरी वरप केंद्र श्री लखू हरजसराय तलरेजा से फ्लैट नं. 103, 1ला माला, मिलन अपार्टमेंट, रुम नं. 1-2, बैरक नं. 383 और पांच रुम, आन प्लाट, बैरक नं. 383, रुम नं. 3, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एआय014872000) सेल एग्रीमेंट दि. 30.7.2025 सी.नं. 298 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री कमल गोपाल भाटिया**

## आम सूचना

मैं श्री तुशार मुकेश मोर्याणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शाप नं. 26, 201 चौ. फुट, समर्पण काम्प्लेक्स, सामने पावर हाउस, सेक्शन 17, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 31सीओ007459100) उक्त प्रॉपर्टी श्री जगदीश बलूमल रुपाणी ने सेल एग्रीमेंट दि. 22.9.2025 सी नं. 538 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री तुशार मुकेश मोर्याणी**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099